# Govt. College Kullu (H.P.)
# College Activity
# महाविद्यालय की गतिविधि

| Sr. No. | Particular | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Date / दिनांक | 21 to 27 December 2022 |
| 2 | Name of Activity गतिविधि का नाम | International Cultural Jamboree<br><br>, Karnataka |
| 3 | Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity<br>गतिविधि आयोजित करने वाली इकाई / संस्था / विभाग का नाम | |
| 4 | Name of Collaborating Agency (If Any) सहयोगी संस्था का नाम | |
| 5 | No. of Student Participants भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या | 22 |
| 6 | No. of Teacher Participants<br>भाग लेने वाले प्राध्यापकों की संख्या | Prof. Jyoti Charan |
| 7 | Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन<br><br>भारत स्काउटस एवं गाइडस के द्वारा 21 से 27 दिसम्बर तक कर्नाटक के मुदुबिदिरी में अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक जंबूरी का आयोजन किया गया। जिसमें दुनिया भर के 50000 स्काउट्स ने भाग लिया। जिसमें हिमाचल से 550 स्काउट गाइड व रोवर्स रेन्जर्स ने भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू से 14 रोवर्स, 8 रेन्जर्स व रोवर स्काउट लीडर प्रो. ज्योति चरण चौहान संग कुल 23 सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग विभिन्न शारीरिक गतिविधियों में स्काउट्स ने हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश के प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर A ग्रेड हासिल की। हिमाचल से गए प्रतिभागियों ने अपने लीडर्स संग विशेष तौर पर समुद्र के किनारे का भ्रमण भी किया व आनंद लिया। बीते दिनों सभी छात्र  छात्राएं अपने अपने घर पहुँच गए। । इस अवसर पर कार्यक्रम का हिस्सा रहे रोवर्स में रोवर भीमी राम, देव राज, रोहित, मेहर चंद, कमल, हरीश, राहुल, भीम सिंह, सुनील, लोकेश, सुख चंद, महेश, अखिल व नरेंद्र कुमार । रेन्जर्स में रेन्जर संध्या, जागृति प्राशर, जागृति ठाकुर, गीतांजलि, पवना, हिमानी, प्रियंका, सलोनी मौजूद रहे। प्रो. ज्योति चरण चौहान ने भी स्वयं मौजूद रहकर सभी का मार्गदर्शन किया व भविष्य के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिये। | |

Organizer
**आयोजक** : ROVER AND RANGER UNIT G C Kullu

Principal
Govt. College Kullu (H.P)

Principal
Govt. College
Kullu (H.P.)

# कुल्लू के रोवर-रेंजर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक जंबूरी में होंगे शामिल

## हिमाचल की वेशभूषा, रहन-सहन और लोकनृत्य को मंच पर प्रदर्शित करेंगे 23 रोवर-रेंजर्स

संवाद न्यूज एजेंसी

कुल्लू। स्काउट गाइड की अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक जंबूरी का कर्नाटक में आयोजन होगा। इसमें भारत समेत एशिया के करीब दस देशों के रोवर रेंजर शामिल होंगे।

जिला कुल्लू से भी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 23 रोवर-रेंजर्स का इस अंतरराष्ट्रीय जंबूरी के लिए चयन हुआ है। यह देश-विदेश के रोवर रेंजर्स के साथ अपनी संस्कृति का आदान-प्रदान करेंगे तथा इसके संरक्षण का संदेश देंगे।

बता दें कि कुल्लू महाविद्यालय के रोवर-रेंजर पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक जंबूरी में भाग लेंगे। इसके लिए महाविद्यालय प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है। गौर रहे कि स्काउट गाइड की अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक जंबूरी का 21 से 27 दिसंबर तक कर्नाटक में आयोजन किया जाएगा।

कुल्लू से कर्नाटक के लिए रवाना होते रोवर-रेंजर। -संवाद

### एशिया के 10 देशों के रोवर-रेंजर करेंगे संस्कृति का आदान-प्रदान

इसमें भारत, फिलीपींस, श्रीलंका, नेपाल, मलेशिया, बांग्लादेश समेत दस देशों के रोवर रेंजर शामिल रहेंगे। वहीं, सांस्कृतिक जंबूरी की थीम मुख्यता संस्कृति पर केंद्रित रहेगी। इससे एशियाई देशों के युवाओं को एक बेहतर मंच मिलेगा।

प्रदेश स्काउट गाइड के सहायक राज्य आयोजन आयुक्त प्रो. ज्योति चरण ने कहा कि पीजेंट शो से अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक जंबूरी का आगाज होगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय कुल्लू के रोवर रेंजर संपूर्ण हिमाचल की झलक प्रस्तुत करेंगे, जिसमें हि-माचल की वेशभूषा, नृत्य एवं गायन, रहन-सहन आदि को मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। जंबूरी में कला, पुस्तक, विज्ञान, कृषि और पकवान प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

AID Unit

17
KING'S